पंजाब केसरी
12-10-2024

संगीतालोक संगीत सम्मेलन अम्बाला कैंट में 19 को

अम्बाला | कैंट के जीएनएम कॉलेज में 19 अक्टूबर को संगीतालोक संगीता सम्मेलन करवाया जाएगा। इसमें पटियाला और कोलकाता के कलाकार प्रस्तुति देंगे। पटियाला से गायक मोनिषा बनर्जी, कोलकाता से सरोद वादन इंद्रायुध मजूमदार, पुणे से गायक डॉ. रुचिरा केदार, बनस्थली से हारमोनियम बजाने वाले राजेंद्र प्रसाद बनर्जी पहुंचेंगे। पटियाला से हारमोनियम पर डॉ. अलंकार सिंह, पटियाला से तबला वादक जयदेव, पटियाला से तबला वादक नरेंद्र पाल सिंह प्रस्तुति देंगे।

बता दें कि कैंट में शास्त्रीय संगीत का जीवंत वातावरण निर्मित करने के लिए गुरु मौलिक चिंतक और रचनाकार पंडित गणेश प्रसाद शर्मा ने 1964 में संगीतालोक की स्थापना की थी।